मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी–अप्रैल, 1994 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 22 फरवरी, 1994 (फाल्गुन 3, 1915)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन का उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख –

(1) श्री चिमन भाई पटेल, गुजरात के मुख्य मंत्री
(2) श्री सवाईमल जैन, भूतपूर्व उपाध्यक्ष, विधान सभा
(3) श्री रायचन्द भाई शाह, भूतपूर्व सदस्य, विधान सभा
(4) श्री ओम प्रकाश रावल, भूतपूर्व सदस्य, विधान सभा
(5) डा. ज्वाला प्रसाद मिश्रा, भूतपूर्व सदस्य, विधान सभा
(6) श्री निरंजन केशरवानी, भूतपूर्व सदस्य, विधान सभा
(7) श्री दौलतराम वर्मा, भूतपूर्व सदस्य, विधान सभा

2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना

श्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री निम्नलिखित अध्यादेशों को पटल पर रखेंगे:–

(1) मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी (संशोधन) अध्यादेश, 1994 (क्रमांक 1 सन् 1994)
(2) मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा अनुदान आयोग (निरसन) अध्यादेश, 1994 (क्रमांक 2 सन् 1994)

4. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) डा. विजय लक्ष्मी साधो, पर्यटन मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619–क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित का छठवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1983–84 पटल पर रखेंगी.

(2) श्री मोहनलाल चौधरी, पशुपालन मंत्री, मध्यप्रदेश राज्य पशुपालन एवं कुक्कुट विकास निगम अधिनियम, 1982 (क्रमांक 37 सन् 1982) की धारा 27 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1990–91 पटल पर रखेंगे.

5. नियम 267–क के अधीन दिसम्बर, 1993 सत्र में सदन में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना

6. राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना

7. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) श्री प्रभु सिंह ठाकुर, सदस्य, शिवपुरी जिले के नरवर विकासखण्ड में दूषित पेयजल से बीमारी फैलने की ओर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री रामलखन शर्मा, सदस्य, प्रदेश के अनेक भागों में परीक्षण केन्द्र नहीं खोलने से छात्रों को हो रही असुविधा की ओर शालेय शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

8. सभापति तालिका की घोषणा

शीला खन्ना
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल :
दिनांक : 21 फरवरी, 1994